तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 सितंबर 2025

9 युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रमों...


10 भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका...


## खबर संक्षेप

### आज मानव रक्षा दल के सदस्य एकत्रित होंगे

**जींद।** रानी तालाब स्थित बीआर आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर बनाए गए संसद भवन की आकृति खंडित होने के विरोध में मानव रक्षा दल के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित होंगे। इसके बाद डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल सिंहमार ने बताया कि गोहाना रोड रानी तालाब स्थित संविधान निर्माण बीआर आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर बने संसद भवन की पत्थर से बनी ऊपरी ग्रिल काफी समय से टूटी पड़ी है।

### दंपति पर हमला करने पर छह नामजद

**जींद।** गांव ढाठरथ में रंजिशन दंपत्ति के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी गुलजार ने पुलिस को बताया कि गांव के मुखत्यार परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते मुखत्यार परिवार के साथ उस हमला कर दिया। बचाव में जब पत्नी आई तो आरोपितों ने उससे भी मारपीट की। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गुलजार की शिकायत पर मुखत्यार, गुरूचरण, सिमर, अशोक, अनमोल, रामफल के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक पर लिफ्ट लेकर मंगलसूत्र किया चोरी

**जींद।** वीटा मिल्क प्लांट के निकट लिफ्ट लेकर बाइक सवार के बैग से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। गांव बीबीपुर निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि वह बाइक से हांसी रोड की तरफ जा रहा था। उसने बैग को पीछे बांधा हुआ था। वीटा मिल्क प्लांट के निकट व्यक्ति ने लिफ्ट ले ली। जिसके बाद वह आदमी उतर गया। जब घर पहुंच कर तो बैग से पर्स गायब था। पर्स में मंगलसूत्र था। आशीष ने आरोप लगाया कि लिफ्ट लेने वाले ने चोरी किया है। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव हसनपुर में रंजिशन मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हसनपुर निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी मामन परिवार से कहासुनी हो गई थी। जिस पर मामन परिवार ने उस पर हमला कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने जयभगवान की शिकायत पर विजेंद्र, जितेंद्र, ओमपति, मीन, के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### लिव इन रिलेशनशिप कानून रद्द होः ढुल खाप

**जींद।** जाट धर्मशाला में रविवार को ढुल खाप की बैठक प्रधान हरपाल सिंह ईक्कस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक परमेंद्र सिंह, खाप महासचिव धर्म सिंह, सहसचिव इंद्र सिंह, राजवीर, सरदार छज्जा सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सभी वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि किसानों को एमएसपी गारंटी दें। लिव इन रिलेशनशिप कानून को रद्द किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि खाप का सम्मेलन एक नवंबर को कैथल में होगा।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार को आवेदन आमंत्रित

जींद। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

# खतरे के निशान के पास पहुंचा घग्गर का जलस्तर

## पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश, गुहला चीका में मंडराया बाढ़ का खतरा

*मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून के साथ पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। दो दिन का अलर्ट जारी किया गया है। तापमान में भी गिरावट आएगी। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख कर करें।*

*नदी के आसपास बसे हरियाणा के लगभग तीन दर्जन गांवों के साथ साथ पंजाब के भी दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल

पहाड़ी क्षेत्र में लगातार चल रही बरसात के कारण गुहला चीका से होकर गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों से घग्गर नदी में पानी काफी तेजी से बढ़ रहा है, जिसके चलते घग्गर नदी के आसपास बसे हरियाणा के लगभग तीन दर्जन गांवों के साथ साथ पंजाब के भी दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जानकारी के अनुसार रविवार को घग्गर नदी में 42342 क्यूसिक पानी बह रहा है। चीका पटियाला रोड़ पर स्थित घग्गर नदी के पुल पर लगाए गए सरकारी गेज के अनुसार रविवार शाम पांच बजे घग्गर नदी का जलस्तर 21 फीट के आसपास बह रहा था, जबकि यहां पर खतरे का निशान 23 फीट पर दर्शाया गया है। यदि पानी का स्तर ओर बढ़ता है तो स्थिति बिगडने का पूरा पूरा अंदेशा है। तेजी से पानी बढने की सूचना मिलने के बाद आज डीसी कैथल प्रीति अधिकारियों के साथ गुहला पहुंची और घग्गर नदी का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान डीसी ने अधिकारियों को बाढ़ बचाव को लेकर सभी जरूरी कदम उठाने के आदेश दिए। डीसी ने कहा कि घग्गर नदी का जलस्तर अभी खतरे के निशान से नीचे बह रहा है लेकिन फिर भी घग्गर के आसपास बसे गांवों के लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है।

- डीसी प्रीति अधिकारियों के साथ गुहला पहुंची और घग्गर नदी का जायजा लिया

### किसानों ने किया प्रदर्शन

हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित गांव सिहाली, रत्ता खेड़ा, मंझेड़ी व मैंगड़ा के पास घग्गर नदी का पानी खेतों से होकर बह रहा है, जिसके चलते लगभग आधा दर्जन गांवों में धान की फसल के साथ साथ पशुओं का चारा, सब्जियां बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। घग्गर का पानी खेतों में घुसने के बावजूद किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने इन गांवों में जाकर किसानों की सुध नहीं ली, जिससे गुस्साएं किसानों ने सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया।



**कैथल।** टटियाना के निकट घग्गर नदी में रविवार को बहता पानी और रविवार को नदी का बढ़ा जलस्तर। *फोटो : हरिभूमि*

### विधायक ने लिया घग्गर का जायजा



**कैथल।** रविवार को घग्गर नदी का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस। *फोटो : हरिभूमि*

**कैथल।** घग्गर नदी में बढ़े जल स्तर के बाद आज विधायक देवेंद्र हंस ने नदी का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए विधायक देवेंद्र हंस ने कहा की घग्गर नदी पर सुरक्षा को लेकर जिस प्रकार की तैयारियां की गई है उससे लगता है कि दो साल पहले बाढ़ से हुए नुकसान के बाद भी सरकार व प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हंस ने कहा कि बाढ़ बचाव के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च दिखाए जाते है जबकि धरातल पर कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि कटाव को रोकने के लिए प्रशासन मिट्टी के 50 हजार कट्टे जमा करने के दावे कर रहा है जबकि मौके पर 5 हजार कट्टे भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में यदि घग्गर के तट बांध टूटते हैं तो प्रशासन के पास उन कटों को पाटने के लिए कोई प्रबंध नहीं है।

### जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी, नागरिक भी करें सहयोग



डीसी प्रीति ने रविवार को हो रही भारी बारिश को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर जिलावासियों का आह्वान किया है कि वे अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें। ताकि वाहनों आदि के कारण कहीं जाम की स्थिति न बनें और वाहन भारी बारिश में कहीं पानी में न फंसें। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। डीसी प्रीति ने कहा कि जिलावासी बिना किसी जरूरी कार्य के घरों से बाहर न निकलें। बेहद ही जरूरी कार्य हो तो ही बाहर जाएं। रविवार सुबह भारी बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि जिले के गुहला-चीका क्षेत्र से गुजर रही घज्गर नदी के जलस्तर पर प्रशासन नजर रखे हुए है। अभी जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा बारिश के चलते कैथल, कलायत, पूंडरी, सीवन, राजौंद, कलायत के अलावा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पानी की निकासी के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि बारिश के तुरंत बाद पानी निकासी में कुछ समय लगता है। इसीलिए सभी सहयोग करें और अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।

# बारिश को देखकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

## लघु सचिवालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, बारिश के चलते अनावश्यक घर से न निकलें



**जींद।** शहर में सड़क किनारे जमा बरसाती पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले एक पखवाड़े से बारिश तथा बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। हरियाणा के साथ लगते पंजाब तथा हिमाचल में तो बारिश ने तबाही मचाई हुई है। ऐसे में बारिश को देखते हुए जींद प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है।

लघु सचिवालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। साथ ही बारिश को देखते हुए अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने के लिए कहा गया है। इसे लेकर एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बारिश को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर जिलावासियों का आह्वान किया है कि वे अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें ताकि वाहनों आदि के कारण कहीं जाम की स्थिति न बनें और वाहन भारी बारिश में कहीं पानी में न फंसे। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है।

### जरूरी हो तो घर से निकलें

जिलावासी बिना किसी जरूरी कार्य के घरों से बाहर न निकलें। बेहद ही जरूरी कार्य हो तो ही बाहर जाएं। रविवार सुबह भारी बारिश हुई है। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पानी की निकासी के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि बारिश के तुरंत बाद पानी निकासी में कुछ समय लगता है। इसीलिए सभी सहयोग करें और अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।

**कड़े निर्देश**

### कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी

लघु सचिवालय के कमरा नंबर 215 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित है। जिसका दूरभाष नंबर 01681 245206 हैं। जिसके नोडल अधिकारी जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार हैं। जिनका मोबाइल नंबर 9034041552 है तथा ईमेल आईडी डीआरओजींद एट द रेट जी मेल डाट कॉम है। कंट्रोल रूम में शिफ्ट वाइस 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ-साथ पानी निकासी के लिए जन स्वास्थ्य, सिंचाई विभाग की टीमें गठित है जो निरंतर क्षेत्र में एक्टिव हैं।

## कृषि विभाग की टीम ने फसल के नुकसान का किया आंकलन, खराब फसल की शिकायत दर्ज करवाएं किसान



**उचाना।** बारिश से हुए कपास की फसल के नुकसान का आंकलन करने पहुंची कृषि विभाग की टीम। *फोटो : हरिभूमि*


**उचाना।** उचाना व नरवाना क्षेत्र में हो रही बारिश से फसल को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए एसडीओ कृषि विभाग नरवाना सुनील दलाल की अगुवाई में संयुक्त टीम बनाई गई। टीम द्वारा रविवार को उचाना, नरवाना खंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। एसडीओ दलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उचाना खंड के दुर्जनपुर, उदयपुर, नचार खेड़ा काकड़ोद, सुरबरा, मंगलपुर, डोहाना खेड़ा, बडऩपुर, नरवाना ग्रामीण धरौदी, कर्मगढ़, ईस्माइलपुर, फरैन कलां, फैरन खुर्द, अमरगढ़, नेहरा, कलौदा खुर्द, कलौदा कलां, दनौदा कलां, दनौदा खुर्द गांव का दौरा किया। अधिक बारिश के कारण जलभराव खेत में होने से कपास की फसल में अधिक नुकसान हुआ है।

### किसानों के लिए टोल फ्री नंबर 14447

किसानों से अपील है कि जिन किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत अपनी कपास, बाजरा का बीमा करवाया है वे टोल फ्री नंबर 14447 पर अपने नुकसान के बारे में शिकायत दर्ज करवाएं ताकि जो फसल खराब हुई है, उसका कलेम मिल सकें। जिन किसानों ने बीमा नहीं करवाया है वो क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलने पर अपना पंजीकरण करवाए। इस मौके पर खंड उचाना कृषि अधिकारी डा. सुरेंद्र मोर, तकनीकि सहायक नरवाना डा. वीरेंद्र बूरा मौजूद रहे।



**जींद।** बारिश के पानी से जलमग्न हुए खेत। *फोटो : हरिभूमि*



**जींद।** नप के पूर्व चेयरमैन कैलाश सिंगला के निवास में घुसा पानी।



**जींद।** अपोलो चौक पर जलभराव के बीच से निकलता ट्रैक्टर।



**जींद** ओल्ड कोर्ट रोड पर भारी जलभराव में डूबी कार।

## दो आरोपित काबू, एक लूट की वारदात और स्वीकारी

# पुलिस ने ऑटो व नगदी लूट मामले की गुत्थी सुलझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना थाना पुलिस ने चाकू के बल पर चालक को बंधक बना ऑटो व नगदी लूटने गुत्थी को सुलझाते हुए दोनों आरोपितो को काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर लूटी गई ऑटो, नगदी तथा मोबाइल को बरामद कर लिया है।

आरोपितों ने नरवाना में ढाबे से चाकू के बल पर लूट की वारदात को भी स्वीकार किया है। पंजाबी चौक नरवाना निवासी सत्यवान ने पुलिस ने गत 30 अगस्त को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि देर रात वह आटो लेकर नरवाना रेलवे स्टेशन के बाहर सवारियों का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान दो युवक उसके पास आए जींद चलने के लिए कहा। उसने आठ सौ रुपये किराया मांगा।

दोनों युवको ने खुद को जींद में अकेडमी के छात्र बताया। जिस पर उसने किराया छह सौ रुपये देने की बात कही। जिसके बाद वह दोनों को लेकर जींद के लिए रवाना हो गया। गांव तारखां पुल के निकट युवक उसे काम बता कर आटो समेत पटरी पर ले गए। दोनों युवकों ने उसे चाकू के बल पर काबू कर लिया। उसके हाथ पाव गमछे से बांध दिए और जमीन पर डाल दिया। आरोपितों ने उससे 1200 रुपये की नगदी, मोबाइल फोन छीन लिया और आरोपित उसका ऑटो लेकर फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने ऑटो चालक सत्यवान की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था।

### दोनों लुटेरों को किया काबू, लूटा गया सामान बरामद



उचाना थाना पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो मोरपत्ती निवासी साहिल तथा धनौरी निवासी अंकित उर्फ गोली का नाम सामने आया। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपितो को काबू कर लिया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटा गया ऑटो, नगदी, मोबाइल फोन, चाकू को बरामद कर लिया। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### आरोपितों ने फास्ट फूड दुकान से लूटी थी नगदी

पुलिस पूछताछ मे आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने नरवाना की हुडा मार्केट मे गत 29 अगस्त रात को फास्ट फूड की दुकान से चाकू के बल 1200 रुपये की नगदी लूटी थी। शहर थाना नरवाना पुलिस ने फास्ट फूड दुकानदार नेपाल निवासी सुमन की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया हुआ है। उचाना थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि सूचना के साथ पुलिस मौके पर पहुच गई थी। छानबीन मे आरोपितों की पहचान हो गई और उन्हें काबू कर लिया। आरोपितो के कब्जे से लूटा गया आटो, नगदी, मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

बजरंग दल व पडोसियों ने लगाया धर्मांतरण का आरोप

# पुलिस पहरे में रविवार को चर्च में प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड अजमेर बस्ती स्थित चर्च में रविवार को प्रार्थना सभा के विरोध में पड़ोसी तथा बजरंग दल के कार्यकर्ता उतर आए। तनाव की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का नजर बनाए रखी। बस्ती के लोगों ने चर्च के पादरी के खिलाफ धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अजमेर बस्ती में रविवार को हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए जब चर्च का पादरी वहां पर प्रार्थना करवा रहा था। जिसके विरोध में पड़ोसी तथा बजरंग दल के सदस्य उतर आए और प्रार्थना का विरोध किया। इससे पूर्व मामला बढ़ता पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस तब तक मौके पर बनी रही जब तक प्रार्थना पूरी नही हुई। घर में बनी चर्च के पड़ोसियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पडोसी पादरी लोगों लालच देकर धर्मातरण की करवा रहा है। शोर शराबे के चलते माहौल भी खराब हो रहा है। पादरी द्वारा अंधविश्वास फैलाया जा रहा है। उन्होंने पादरी को बोला भी था लेकिन उसने कालोनी के लोगों की बात मामने से इंकार कर दिया। चर्च में हो रहे धर्मातरण से लोगो ने रोष है। मौके पर जयपाल, रमेश, कृष्ण, सत्तू, मायाराम, खुजान सिंह, जिले सिंह, सुखबीर, दीपक, कृष्ण, बलजीत समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### गजब मेरे खाटू वाले भजन पर झूमे भक्त

**उचाना।** श्री सांवरिया फैन क्लब उचाना मंडी द्वारा श्री श्याम महोत्सव का आयोजन पुरानी मंडी में किया गया। पुष्प एवं ईत्र वर्षा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं पर की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। भजन गायक प्रिंस बजाज पानीपत, अजर अली खाटूश्याम, शिवम गोयल उचाना मंडी एवं शर्मा सिस्टर कानपुर के गीतों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमे। महोत्सव में सुंदर-सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गई।

### पतजंलि योगशाला में सुख शांति के लिए यज्ञ

**गुहला चीका।** सिनेमा रोड स्थित पतजंलि योगशाला में पतंजलि योग साधकों व आर्य सभा चीका के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ आचार्य सत्यवीर शास्त्री द्वारा सामूहिक रूप से साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में राष्ट्र निर्माण राष्ट्र सुरक्षा और संपूर्ण भारत के मंगल के लिए सभी साधको द्वारा हवन सामग्री और घृत की आहुति हवन कुंड में दी गई । योग के प्रचार प्रसार के लिए योगशाला परिसर में योगाभ्यास की शुरुआत की गई।

### वकील, टाइपिस्टों को मिलेगी बैठने की जगह

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय में तहसील कार्यालय के पीछे की जमीन वकीलों, टाइपिस्टों, वसीका नवीसए स्टाम्प वेंटरों को उपलब्ध करवाई जाएगी। इसे लेकर एसडीएम द्वारा पत्र जारी किया गया है। एसडीएम उचाना दलजीत सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा कि तहसील परिसर के पीछे खाली जगह पर वकीलों, टाइपिस्टों स्टाम्प वेंडरों वसीका नवीसों को खोखे, छप्पर रखने की अनुमति उपमंडल अधिकारी द्वारा दी जाएगी।

### भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन छह को

**जींद।** हारे का सहारा सेवा समिति के प्रधान विवेक गर्ग ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छह सितंबर को विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी स्कूल (ब्वाय विंग) में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संस्था द्वारा यह चौथा संक्रीर्तन आयोजित किया जा रहा है। इस संकीर्तन में कोलकत्ता से सौरभ शर्मा, समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, दिल्ली से आयुषी राज व जींद से राहुल कौशिक प्रभु श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।

### सात सितंबर को भारत में लगेगा चंद्र ग्रहणः शास्त्री

**उचाना।** लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी भारतेंदू शास्त्री ने कहा कि सात सितंबर को चंद्र ग्रहण लगने वाला है। इस दिन से पितृपक्ष की भी शुरुआत हो रही है। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा और इसका सूतक काल भी मान्य होगा। चंद्र ग्रहण में सूतक काल शुरू होते ही पूजा, पाठ, भोजन पकाना या खाना भी वर्जित है। सूतक लगने से पहले ही खाने में तुलसी के पत्ते डाल दिए जाते हैं ताकि ग्रहण का अशुभ प्रभाव उस पर न पड़े। लेकिन कुछ लोग सूतक काल लगने के बाद तुलसी के पत्ते तोड़ते हैं, ऐसे करना गलत हैए तुलसी के पत्तों को पहले ही तोड़कर रख लेना चाहिए। शास्त्री ने बताया कि सात को चंद्र ग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होगा।

*हलके में बनाई जाएंगी तीन आदर्श गोशाला: सतपाल जांबा*

# गोमाता की रीढ़ की हड्डी में ऐसी शक्ति जो सूर्य की किरणों से स्वर्ण तत्व ग्रहण करती है: बलवान

**खास बातें**
- आचार्य रवि दत्त शास्त्री ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं से आहुतियां डलवाईं
- निजी पैलेस में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

श्री जयराम आदर्श गोशाला पूंडरी में वार्षिक स्थापना दिवस बड़े धार्मिक उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौशाला परिसर में हवन-यज्ञ से की गई। इसमें मुख्य यजमान के रूप में गौशाला संस्थापक चलती देवी के परिवार मुकेश गर्ग ने पत्नी व सदस्यों ने यज्ञ में भाग लिया और आचार्य रवि दत्त शास्त्री ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं से आहुतियां डलवाईं। इसके उपरांत एक निजी पैलेस में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौशाला प्रबंधक कमेटी के प्रधान ओमप्रकाश गोलन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणवीं लोक गायकों ने गाय माता की महिमा और गुणों का गुणगान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी बलवान शर्मा अहर ने व अध्यक्षता विधायक सतपाल जांबा ने की।



पूंडरी। पूंडरी गोशाला में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए कमेटी सदस्य।

मुख्य अतिथि बलवान शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गौमाता में 36 कोटी देवी-देवताओं का वास माना जाता है।

**विधायक सतपाल बोले**

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि उनका संकल्प है कि क्षेत्र की सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिले। इसी उद्देश्य से हल्के में तीन आधुनिक गौशालाओं का निर्माण करवाया जा रहा है, जिनमें खेड़ी मटरवा, धेरडू और रसूलपुर गांव में बनाई जाएंगी। इन गौशालाओं में संरक्षण के साथ-साथ नस्ल सुधार और गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विधायक जांबा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि गांव की गोचर भूमि का उपयोग भी केवल गोवंश के पालन के लिए किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार भी गौशालाओं को मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनके तहत आर्थिक सहायता, चारे की व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

**आस्था नहीं बल्कि वैज्ञानिक सत्य भी**

### निजी कोष से गोशाला को एक लाख रुपये की दान राशि दी

यह केवल आस्था नहीं बल्कि वैज्ञानिक सत्य भी है, क्योंकि गाय का दूध, मूत्र और गोबर सभी औषधीय गुणों से भरपूर हैं। गौमाता की रीढ़ की हड्डी में ऐसी अद्भुत शक्ति है जो सूर्य की किरणों से स्वर्ण तत्व ग्रहण करती है। यहां तक कि गौमाता के शरीर पर हाथ फेरने से भी कई रोग स्वतः ही नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार को कम से कम एक गाय का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने ने अपने निजी कोष से गौशाला को एक लाख रुपए की दान राशि दी।

**सामूहिक भंडारे के साथ समापन**

इस मौके पर मंच संचालन अजित सिंह रायका ने किया।स्थापना दिवस कार्यक्रम में बाबा खुशिनाथ, सोमवार नाथ, प्रधान करोड़ा आंनद शर्मा, लाला धर्मपाल, रामप्रकाश गोगी, रमेश गोलन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पार्षद सतीश हजवाना, मुल्तान पूंडरी, हिशम सिंह भुक्कल, काका सेठी, चमेल बरसाना, रंगी राम, मायाराम, अजमेर सिंह, सरपंच सोहनलाल, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पिलनी, सौरभ फतेहपुर, डॉ बलविंद्र मैहला, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन गौसेवा के संकल्प और सामूहिक भंडारे के साथ हुआ।

*जनस्वास्थ्य विभाग ने दो दिन तक कर्मियों की छुट्टी रद, अलर्ट*

# नरवाना में मूसलाधार बारिश जलभराव से फसलें भी डूबीं

## मुसीबतः जलभराव के चलते घरों व दुकानों में घुसा पानी

- मौसम के तेवरों से किसानों की चिंता बढ़ी, आकाश से मंडरा रहा आफत का खतरा, जनजीवन हुआ ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद/नरवाना

जिले में बारिश अब आफत बनने लगी है। कुछ स्थानों पर जलभराव से फसलें डूब गई हैं। रिहायशी इलाकों में पानी घरों में घुस गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को नरवाना इलाके में तेज बारिश हुई है। जोकि 60 एमएम दर्ज की गई। जबकि अन्य स्थानों पर हलकी बारिश हुई। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 96 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान आकाश में बादल छाए रहने तथा बारिश की संभावना है। मौसम के अर्लट को देखते हुए जिले में जनस्वास्थ्य विभाग ने दो दिन तक कर्मियों की छुट्टी रद कर दी है।





जींद। बारिश के पानी से जलमग्र हुए खेत व नरवाना के धन्ना भगत चौक पर बरसात के चलते हुआ जलभराव।

**सुबह मूसलाधार बारिश हुई**

नरवाना तथा आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश नरवाना व आसपास के क्षेत्रों में रविवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के कारण आम जनजीवन काफी प्रभावित हुआ। शहर के तमाम मुख्य मार्गों व बाहरी कालोनियों में भारी जलभराव हो गया। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के ओल्ड कोर्ट रोड पर चार फीट से भी ज्यादा जलभराव होने के कारण दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी। जनस्वास्थ विभाग के अधीक्षक अभिंयता भानू प्रकाश शर्मा ने कहा कि मौसम अर्लट को दो दिन के लिए विभाग के कर्मियों की छुट्टिया रद्द कर दी गई हैं। कर्मियों को अर्लट पर रखा गया है।

**जुलाना में तीन-फीट भरा पानी**

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे के बाजार में निकासी व्यवस्था नही होने से सड़क पर दो से तीन फीट तक जलभराव हो जाता है जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार इसकी शिकायत भी दी लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। दुकानदारों की मांग है कि जुलाना के बाजार की निकासी व्यवस्था का स्थाई समाधान किया जाए ताकि उन्हें हो रही परेशानी से निजात मिल सके। दुकानदार सतीश, राजकुमार, अमित, अजय, रमेश ने कहा कि बाजार में जरा सी बरसात होते ही जलभराव हो जाता है जिससे दुकानों में भी पानी घुस जाता है।

**तीन डिग्री लुढका तापमान, कहीं अच्छी बारिश तो कहीं फुहार**

मानसून की सक्रियता के चलते रविवार को दिन का आगाज आकाश में मंडराते बादलों हलकी फुहार के साथ हुआ। नरवाना में 60 एमएम, उचाना में 30 एमएम, जुलाना में दो एमएम, पिल्लूखेड़ा में सात एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि अन्य स्थानों पर हलकी बूंदाबांदी हुई। आकाश में बादलों को जमावड़ा दिनभर लगा रहा और बारिश की संभावना बनी रही। तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

# उचाना में हाईवे पर सर्विस रोड पर भी भरा पानी



उचाना। बड़ौदा में नेशनल हाइवे पर जलभराव से गुजरते हुए वाहन।

**उचाना।** रविवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर के रेलवे रोड, लितानी रोड, बैंक कॉम्प्लेक्स सहित कई बाजारों में जलभराव होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ दिनों से बारिश हो रही है। बारिश होने से गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है। बारिश से धान की फसल को फायदा हुआ है तो कपास की फसल खराब होने का डर किसानों को बन रहा है। खेतों में पानी बारिश के बाद भरा हुआ है। ऐसे में कपास की फसल को नुकसान होने का डर किसानों को है। आने वाले दिनों में भी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। बड़ौदा के ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड पर जलभराव होने से सर्विस रोड से होकर आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां पर सड़क में गहरे गड्ढे बनने के बाद जलभराव होने से दिखाई नहीं दे रहे है। यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपमंडल कार्यालय, पुलिस थाना के पास बने सर्विस रोड पर भी जलभराव है।

**किसान बोले**

किसान राजमल, सूरजभान ने कहा कि कई दिनों से बारिश होने के बाद कपास की फसल को नुकसान होने का डर बना हुआ है। अभी तक धान की फसल के लिए बारिश फायदेमंद है। आने वाले दिनों में बारिश ऐसे ही होती है तो धान की फसल को भी नुकसान होने का डर होगा। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता देवी ने कहा कि बारिश के पानी की निकासी को लेकर एसटीपी पर लगातार मोटर चलाई गई है। पानी की निकासी निरंतर होती है। बारिश अधिक होने के चलते निकासी में कुछ समय लग जाता है।



पूंडरी। कार्यक्रम के दौरान विधायक सतपाल जांबा व अन्य।

### विधायक सतपाल जांबा ने सुनी 'मन की बात'

**पूंडरी।** भाजपा नेता व पार्षद अमित सैनी के कार्यालय में रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हलका विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का संयोजन पार्षद अमित सैनी द्वारा किया गया था, जिसमें कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। मौके पर प्रवीण गर्ग हाबड़ी, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, पार्षद सतीश हजवाना, विरेंद्र गोयल, पार्षद अमित सैनी, मनोज राणा, प्रमोद पूंडीर, मन्नू वालिया समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेश को प्रेरणादायक बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश को नई दिशा और नई ऊर्जा देने वाला मंच है। इस कार्यक्रम ने आमजन को न केवल सरकार की नीतियों और योजनाओं से जोड़ा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा भी दी है। जांबा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 'मन की बात' में साझा किए गए विचारों को गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचाने का कार्य करें।

# कैबिनेट मंत्री ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि यह क्षण स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार ग्राम प्रधान संरचनाओं और नागरिकों के बीच सीधे पहुंचते हैं और प्रेरणा का संचार करते हैं।

पुरूषार्थ, सांस्कृतिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में यह मन की बात एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव हथो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मासिक रेडियो श्रृंखला मन की बात का 125वां एकपिसोडए जिसका विषय जन.हित और भावनात्मक जुड़ाव दोनों थे। सरपंच सुरेंद्र के आवास पर बड़े उत्साह के साथ सुनने उपरांत बोल रहे थे। बेदी ने कहा कि पीएम मोदी के विचार दूरगामी दृष्टि और सार्थक संवेदना से ओतप्रोत हैं। वे आपदा प्रबंधन के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हैं।



नरवाना। हथो गांव में मन की बात कार्यक्रम सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

**खेलो इंडिया फेस्ट का किया जिक्र**

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में आई मानसून की तबाही और उससे उत्पन्न चुनौतियों पर गहरी संवेदना व्यक्त कीए साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों में लगे जवानों एवं एजेंसियों की प्रशंसा की। वोकल फॉर लोकल अभियान को फिर से उभारा ताकि त्यौहारों के दौरान स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल बढ़े और आत्मनिर्भर भारत की दिशा को गति मिले। खेलो इंडिया फेस्ट का जिक्र करते हुए खेल संस्कृति के विस्तार, खेल स्टार्ट अप्सए और खेलो भारत नीति 2025 जैसे पहल पर जोर दिया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों, कमजोर वर्गों और लड़कियों को प्राथमिकता दी गई है।



गुहला चीका। संत समागम में उपस्थित श्रद्धालु।

### भक्ति का अर्थ पूर्ण समर्पणः जसमीत जस्सी

**गुहला चीका।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन, ब्रांच चीका द्वारा गांव गुहला में एक भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक समागम में दूर-दूर से श्रद्धालु संगत ने भारी संख्या में भाग लेकर सत्संग का लाभ उठाया। समागम के मुख्य वक्ता महात्मा जसमीत जस्सी जी (लुधियाना) ने अपने विचार साझा करते हुए कहा: सेवा, सिमरन और सत्संग के माध्यम से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति संभव है। भक्ति का अर्थ है पूर्ण समर्पण। उन्होंने मीरा बाई का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार वे प्रभु प्रेम में लीन होकर गली-गली गाते हुए कहती थीं "पायो जी मैंने राम रतन धन पायो", उसी प्रकार आज के संत भी सतगुरु की भक्ति में रमे हुए हैं और सेवा, सिमरन तथा सत्संग को अपने जीवन का आधार बनाए हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सतगुरु की महिमा अनंत है, और जो भी उनकी शरण में आता है, वह जीवन के वास्तविक उद्देश्य को पा लेता है। सत्संग के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें संगत ने प्रेमपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर चक्कू लदाना, खरका, तारावाली, सुल्तानिया सहित आस-पास के कई गांवों से भी बड़ी संख्या में संगत पहुंची। इस आयोजन की जानकारी निरंकारी प्रेस प्रवक्ता बलदेव सिंह जी द्वारा साझा की गई। समागम के इस पावन अवसर पर कई विशिष्ट महात्मा उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थे।

- आयुष ने खेल दिवस को लेकर करवाई प्रतियोगिता

# योगासन और खो-खो में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग कैथल द्वारा 29, 30, एवं 31 अगस्त 2025 को तीन दिवसीय योगासन, कब्बड्डी, खो-खो परंपरागत खेलों का आयोजन कैथल के गांव में स्थापित योग व्यायामशालाओ में किया गया। जिसमें युवा पीढ़ी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ.शकुंतला दहिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि 29 अगस्त हर साल ये तारीख भारत में सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि खेलों के प्रति जुनून की नई शुरुआत होती है। जीत और जोश की एक नई प्रेरणा और मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ी को याद करने का ये एक ऐतिहासिक मौका होता है। तीन दिवसीय योगासन,खो-खो एवं कबड्डी खेलों का आयोजन खुराना में सुनील कुमार, टीक में सपना देवी, जुलानी खेड़ा में विजेंदर, बडसीकरी में राममेहर, हरसोला में नरेश ढुल, छोत में सत्यवान, पबनावा में रेखा देवी, कटवाड में रवि कुमार, डेरा गदला में संदीप सिंह, कैलरम में सतीश कुमार,धौंस में नरेश कुमार आयुष योग सहायकों ने खेल नर्सरियों, खेल अकादमियों,ग्राम पंचायतों के सहयोग से खेलो का आयोजन करवाया गया।



राजौंद। योगाभ्यास करते हुए।

*हिंदू कन्या महाविद्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न*

# प्रबंधक समिति के प्रबंधक बने अंशुल सिंगला

- बलदेव राज आहूजा उप प्रबंधक व मुकेश कुमार सचिव मनोनित
- रिटर्निंग ऑफिसर जिले सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में रविवार को प्रबंधक समिति के चार मुख्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। वर्ष 2022 में गठित प्रबंधक समिति का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2025 में पुनः निर्वाचन कराना सुनिश्चित किया गया था। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया। परिणामस्वरूप डा. अंशुल कुमार सिंगला प्रबंधक, बलदेव राज आहूजा उप प्रबंधक, मुकेश कुमार सचिव तथा मनीष कुमार कोषाध्यक्ष घोषित किए गए। प्रक्रिया सत्यवान मलिक ऑब्जर्वर डीजीएचई पंचकूला, डा. अनुपम भाटिया ऑब्जर्वर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय तथा बिंदू रोहिल्ला व कुलदीप ऑब्जर्वरए जिला रजिस्ट्रार फर्म व सोसाइटीज की देखरेख में संपन्न हुई। समिति की कार्रवाई पर रिटर्निंग ऑफिसर जिले सिंह श्योकंद द्वारा आधिकारिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।



जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय की चुनी गई कार्यकारिणी।

**यह रहे उपस्थित**

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर, महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारी तथा समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्या ने निर्वाचन प्रक्रिया में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में महाविद्यालय के सुचारू सहयोग हेतु अपनी भूमिका का निर्वाहन किया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय परिवार नवनिर्वाचित प्रबंधक समिति के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में निरंतर नवीन उपलब्धियों की ओर अग्रसर रहेगा।

# युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा: सतपाल

- मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में कैथल में निकाली साइक्लोथोन यात्रा
- विधायक सतपाल जाम्बा ने दिखाई हरी झंडी और स्वयं भी चलाई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि देश व प्रदेश में नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा मुहिम चलाई जा रही है, जिसको आमजन के सहयोग से जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा खेलों का एक हब बन चुका है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम, खेल नर्सरी एवं योगशालाओं खोली गई हैं। विधायक सतपाल जांबा रविवार को कैथल चौधरी छोटू राम इंडोर स्टेडियम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में साइक्लोथोन यात्रा को हरी झंडी देने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

साइकिल यात्रा चौधरी छोटु राम इंडोर स्टेडियम शुरु होकर सेक्टर 21 के चौक से गुजरते हुए सेक्टर 20 मार्केट, ढांड रोड, सर छोटू राम चौक से होते हुए वापिस स्टेडियम में संपन्न हुई। इस यात्रा युवाओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि इस साइकिल यात्रा मकसद लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नशे जैसी बुराइयों के प्रति सचेत करना है। प्रदेश सरकार शिक्षा और खेलों में बढ़ावा दे रही है। कैथल स्टेडियम की बात करें तो प्रदेश सरकार द्वारा एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी की है, ताकि उसको दुरुस्त किया जा सके।

वहीं पूंडरी में भी 30 लाख रुपए से स्टेडियम की व्यवस्थाओं हेतू जारी किए गए हैं। वहीं गाँव पाई में अधूरे पड़े कबड्डी एकेडमी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार ने करीब 2 करोड़ 6 लाख अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है। इससे निर्माण कार्य की रफ्तार और तेज़ होगी तथा खिलाड़ियों को जल्द ही आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हमारे स्टेडियम अच्छे होंगे तो युवा खेलों में भाग लेकर अपने क्षेत्र के साथ-साथ देश प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।




कैथल। विधायक सतपाल जांबा साइक्लोथोन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए तथा विधायक सतपाल जांबा साइक्लोथोन यात्रा में भाग लेते हुए।

## विधायक ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई

विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश नई ऊंचाइयां छू रहा है। हर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। हर रोज नित नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। हमें अपने देश को विकसित एवं स्वस्थ बनाना है और हमारी 150 करोड़ की जनसंख्या वाला यह देश इसकी तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। हमें ओलंपिक में मिलने वाले मेडलो की संख्या में बढ़ोतरी लानी है। उन्होंने युवाओं को कहा कि वे दो पहिया वाहन में हेलमेट जरूर लगाए और इसके साथ ही साइकिलिंग करने वाले खिलाड़ी भी साइकिल हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बिना खर्ची बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां प्रदान की जा रही है, हमारा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। सभी युवा अच्छी शिक्षा एवं संस्कार प्रात करें और सशक्त समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर विधायक ने बच्चों को फल भी वितरित किए। इस मौके पर डीएसपी सुशील प्रकाश, जिला खेल अधिकारी राजरानी, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, आईसीए राहुल शर्मा कोच गुरमीत सिंह, प्रशांत, जोगिंद्र, राजेश कुमार, सेलेश, अमरजीत, उषा, कर्मवीर, संजीव, सुरेंद्र, अनिल, मोहन लाल, संदीप कुमार, अशोक कुमार, दिलावर, रमेश चहल, अजय के अलावा अन्य कोच व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



पूंडरी। खिलाड़ियों के स्कूल स्टॉफ व पंचायत सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में चयन

**पूंडरी।** गांव संगरौली के खिलाड़ी कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनका चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता है। जीत की खुशी में स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्कूल के प्रिंसिपल जतिंदर पाल सिंह व सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पंडिर के द्वारा स्वागत कार्यक्रम कर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। चारों खिलाड़ियों ख़ुशी,सपना,मंजू व आशिमा के चयन पर स्कूल पीटीआई देवेंद्र टूरण को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ़ व ग्राम पंचायत के समस्त सदस्य मौजूद रहे ।



गुहला चीका। आंखों का फ्री चेकअप करते डॉक्टरों की टीम।

### जांच शिविर में 56 मरीजों ने करवाया चेकअप

**गुहला चीका।** श्री भवानी सेवा समिति द्वारा मानव कल्याण चेरिटेबल आंखों का अस्पताल, अम्बाला शहर के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 मरीजों की आंखों की जांच की। संस्था के प्रधान कुलदीप माजरा ने बताया कि कमेटी द्वारा जांच कैम्प हर महीने की दुर्गा अष्टमी को आपके अपने श्री भवानी मंदिर में श्री भवानी सेवा समिति द्वारा लगाया जाता हैं। संस्था आगे भी समाजहित से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

# भारी बारिश के बीच जल निकासी को लेकर डीएमसी स्वयं मैदान में उतरे

- विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लिया जल निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा
- बारिश से निपटने के लिए सभी विभागों के अधिकारी अलर्ट मोड पर करें काम : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारी बारिश के बीच शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त दीपक बाबूलाल करवा स्वयं उतरे मैदान में उतरे और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी हों या सफाई कर्मचारी सभी फ़ील्ड में नजर आए। वहीं डीसी प्रीति भी शहर में निकासी को लेकर पल पल की रिपोर्ट लेती रही।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि पानी भरने वाले क्षेत्रों पर नजर रखी जाए और पानी से जुड़ी समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाए। एडीसी ने ढांड रोड, पेहवा चौक, अंबाला रोड तथा खुराना रोड का दौरा किया, ज्यादा बारिश की वजह से कई जगहों पर उन्होंने जलभराव की स्थिति देखी और वहां पर निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। इसके अलावा उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए सभी डिस्पोजल सही तरीके से संचालित होने चाहिए। जहां पर जरूरत है, वहां पर जेनसेट की भी व्यवस्था की जाए, ताकि बिजली बाधित होने की स्थिति में डिस्पोजल का कार्य प्रभावित न हो।

उन्होंने नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे युद्ध स्तर पर काम करें। शहर में तेजी से पानी की निकासी करवाने के लिए संसाधनों की उचित व्यवस्था रखें। नालों की सफाई निरंतर करवाते रहें। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि बारिश काफी ज्यादा हुई है। जिसकी वजह से पानी की निकासी होने में कुछ समय तो लगता है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को जलभराव के कारण किसी भी तरह की असुविधा न हो।

सभी विभागों को एक साथ मिलकर काम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो। उन्होंने आमजन से भी सहयोग बनाए रखने की अपील की है।



कैथल। बरसात के बीच नालों को खोलते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### बारिश के बीच अधिकारी व कर्मचारी उतरे फील्ड में

रविवार सुबह भारी बारिश हुई। शहर में जल भराव न हो इसको लेकर डीसी प्रीति के आदेशानुसार अनुसार डीएमसी दीपक बाबूलाल करवा द्वारा सफाई कर्मचारी फील्ड में उतारे गए। वे भारी बारिश के बीच नाले आदि की सफाई करते नजर आए। वहीं नगर परिषद व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी फील्ड में नजर आए।



चीका। अनाज मंडी में हिलोरे मारता बरसाती पानी। फोटो: हरिभूमि

## गुहला चीका में झमाझम बारिश

- जलभराव ने खोली निकासी व्यवस्था की पोल

**गुहला चीका।** गुहला चीका में रविवार को हुई 10 से 15 मिनट की तेज बारिश ने मार्किट कमेटी प्रशासन की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। आज सुबह से ही बारिश शुरू हो गई थी, जो दिनभर रुक-रुक कर जारी रही। मूसलधार बारिश ने हालात और भी बिगाड़ दिए। शहर की अधिकांश सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, और वाहन भी बहुत कम संख्या में नजर आए। लगातार बारिश के कारण मुख्य सड़कों, बाजारों और गलियों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों को व्यापार करने में परेशानी हो रही है, वहीं ग्राहक पानी से भरी गलियों के कारण बाजार आने से कतरा रहे हैं।कुछ इलाकों में जलभराव की वजह से ट्रैफिक की गति भी धीमी हो गई। हालांकि बारिश से मौसम सुहावना जरूर हो गया है, लेकिन राहत की स्थिति अब तक नहीं बन पाई है। प्रशासन जलनिकासी के प्रयास कर रहा है, मगर समस्या का समाधान अभी दूर दिख रहा है।



सीवन। गली में भरा बरसात का पानी। फोटो: हरिभूमि

# सीवन में झमाझम बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

- निचले क्षेत्रों में जलभराव, घरों में दुबकने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रविवार सुबह से ही इंद्र देवता ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। सुबह-सुबह आसमान में काले बादल छा गए और दिन में भी अंधेरे का अहसास होने लगा। दोपहर तक तेज बरसात ने नगरवासियों को अपने घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया।

लगातार हुई बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बरसात के कारण नगर की अधिकांश दुकानें बंद रहीं। रविवार का अवकाश होने और बारिश की मार से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही भी नदारद रही। सड़कों पर सन्नाटा छा गया। बरसात के चलते निचले इलाकों में पानी भर गया। जगह-जगह बने गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई गलियों में तो पूरी तरह जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें पेश आईं। बरसात का असर नगर पालिका कार्यालय और खंड कार्यालय तक भी पहुंचा। दोनों कार्यालयों के प्रांगण में पानी जमा हो गया।

### सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत की मांग की

स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था करने और सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत की मांग की है। राज कुमार वधवा, अशोक, भीषु चौधरी, अनु, विक्की, साहिल, बलजीत, राजेंद्र, गुरमेल, विजय, नरेश व अन्य लोगों का कहना है कि जब नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर ही इतना पानी जमा है कि अंदर जाना मुश्किल हो रहा है, तो बाकी नगर की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और भी बिगड़ सकते हैं।



राजौंद। दुर्गा मंदिर में भरा पानी दिखाते हुए पुजारी। फोटो: हरिभूमि

# राजौंद में घरों-दुकानों में घुसा बरसाती पानी

## वाहन चालकों के साथ साथ आम लोगों में भी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद में रविवार को सुबह हुई जोरदार बरसात से गलियों में पानी भरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए। डेढ़ घंटे तक हुई लगाकर बरसात से कई लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। उधर दुर्गा मंदिर में पानी भरने से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंदिर में घुसे पानी से मंदिर में रखा सामान खराब हो गया। मंदिर में पूरी तरह पानी भरने से खाली भी नहीं निकला गया। इसके अलावा कैथल अंसध मार्ग पर टूटी हुई सड़क के गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों व दुकानदारों तथा नगर के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। यह आलम पिछले लंबे समय से बन रहा है। थोड़ी सी बरसात होने पर भी गड्ढों में पानी भरने से लोगों का खाली निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बार-बार प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी प्रशासन व संबंधित विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे वाहन चालकों के साथ साथ आम लोगों में भी रोष बढ रहा है।

### कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर बरसात के कारण भारी जलभराव

कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर बरसात के कारण भारी जलभराव हो गया, जिससे नगर पालिका कार्यालय में जाने का मार्ग भी अवरुद्ध हो गया। थाना के सामने वाली गली, डीएवी स्कूल वाली गली, सोसाइटी बैंक के पीछे स्थित गली तथा नगर के निचले क्षेत्रों की अन्य गलियां पूरी तरह पानी में डूब गईं। बरसात का पानी घरों के बाहर तक भर जाने से लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# समाज में व्यापत कुरीतियों को मिटाएं : गरिमा भारत



कैथल। साध्वी गरिमा भारत प्रवचन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से भज गोबिंदम, भजन संध्या का कैथल में आयोजन किया गया। इसमें सर्व आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी गरिमा भारत ने भगवान गोविन्द की लीलाओं के पीछे छिपे रहस्यों को उजागर किया। भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं दो स्तर पर घटित होती हैं एक व्यवहारिक और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक लीला बाहरी धरातल पर घटित होती है व्यवहारिक लीला आंतरिक घट में घटित होती है जिसे एक साधक ध्यान की गहराइयों में उतर कर अपने अंतर जगत में देखता है। भगवान श्री कृष्ण का साकार स्वरूप को धारण करके आने का उद्देश्य प्रत्येक जीवात्मा के अंतर्गत में अपने निराकार स्वरूप को उद्घाटित करना था।

### प्रभु की कालिया मर्दन की लीला सुनाई

प्रभु की कालिया मर्दन की लीला हमारा ध्यान एक समस्या की ओर लेकर जाती है। हमारा देश जो कभी दिव्यता से ओतप्रोत था, जो जगत गुरु की उपाधि से विभूषित हुआ उसी देश में आज अनेकों कुरीतियों ने जन्म ले लिया है। युवा पीढ़ी की भुजाओं में अदम्य बल और मन में कुछ कर गुजरने का जनून होता है। लेकिन वहीं पीढ़ी आज मृतप्राय हो चुकी है। उसकी हालत देख कर तो समाजविदों को भविष्य की चिंता सताने लगती है। यदि युवा ही निष्क्रिय हो जाएंगे तो आने वाले समाज का भार अपने कंधों पर कौन संभालेगा? युवा ही तो भविष्य के कर्णधार होते हैं। इसलिए समय की मांग है उन्हें जगाया जाए, प्रेरित किया जाए।

# भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर और जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने आज पूंडरी में भाजपा नेता सतबीर भाणा के प्रतिष्ठान पर आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री द्वारा सांझा किए गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता सतबीर भाणा ने अशोक गुर्जर और ज्योति सैनी का शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी संगठन को मजबूती देने में उनके योगदान की सराहना की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अपने नेताओं का सम्मान किया। अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम ने पूरे देश में सकारात्मक सोच का वातावरण बनाया है। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पूंडरी। सतबीर भाणा के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम में मौजूद अशोक गुर्जर, ज्योति सैनी व अन्य।

# मन की बात: भाजपा कैथल शहरी मंडल के पदाधिकारियों ने सुना 125वां एपिसोड

**कैथल।** भाजपा कैथल शहरी मण्डल के मीडिया प्रभारी मंजीत चौहान के प्रतिष्ठान पर मन की बात कार्यक्रम के 125वां एपिसोड कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़ व मंडल अध्यक्ष आयुष गर्ग की उपस्थिति में पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पीएम ने स्वदेशी अपनाओ और 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर जोर दिया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग, मीडिया प्रभारी मंजीत चौहान, उपाध्यक्ष कर्मवीर जांगड़ा, विजय शास्त्री, सीए. सतबीर सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित सिंह, गौरव धीमान, अमन उपस्थित रहे ।

## 2 सितंबर को होंगे दो बैच पहले बैच में सीवन दूसरे बैच में गुहला

# कल से दिया जाएगा चार दिवसीय प्रशिक्षण: विजयलक्ष्मी

- हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में चार दिवसीय यूथ एवं इको क्लब इंचार्ज का प्रशिक्षण 2 सितंबर से शुरू किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय इस प्रशिक्षण में सभी खंडों के इको क्लब प्रभारी भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा के ऑडिटोरियम हाल में दिया जाएगा। सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के इको क्लब प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में सभी का भाग लेना अनिवार्य है सरकारी विद्यालय हो या निजी। सभी इको क्लब प्रभारी की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि लिस्ट के अनुसार सभी स्कूलों के चाहे निजी स्कूल है या सरकारी इको क्लब प्रभारी प्रशिक्षण में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। एबीआरसी को भी सम्मानित किया जाएगा। उनके क्लस्टर में विद्यालयों ने 100 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया हो।

### प्रशिक्षण देने के लिए शेड्यूल जारी

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 93200 पौधे लगाने का लक्ष्य जो जिला कैथल को प्राप्त हुआ है उसे हमने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर तक प्राप्त करना है। यह प्रशिक्षण पौधरोपण की गति को और बढ़ाएगा। एपीसी कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी 932 इको क्लब प्रभारी को प्रशिक्षण देने के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सीवन और गुहला खंड के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के इको क्लब प्रभारी को दो सितंबर को बैच एक और बैच दो मैं प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलायत एवं राजौंद के इको क्लब प्रभारी को तीन सितंबर को बैच नंबर एक बैच नंबर दो में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुंडरी खंड के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के इको क्लब इंचार्ज को 4 सितंबर को एक ही बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कैथल के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के इको क्लब प्रभारी को 8 सितंबर में बैच एक और बैच दो में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इको क्लब प्रभारी का शेड्यूल नाम सहित मेल भेज दी गई है।

### 932 विद्यालय जिला कैथल में कार्य कर रहे



डा. विजय लक्ष्मी

विजय लक्ष्मी ने जानकारी देते हुए बताया कि 932 विद्यालय जिला कैथल में कार्य कर रहे हैं प्रत्येक विद्यालय को 100 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है जिला कैथल को विभाग की तरफ से 93200 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जो सरकारी एवं निजी दोनों विद्यालयों ने मिलकर प्राप्त करना है इसलिए सरकारी एवं निजी विद्यालयों के इको क्लब प्रभारी को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है उन्होंने बताया कि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अब तक जिला कैथल में 21000 पौधे ही लगाए गए हैं जो कि लक्ष्य का 22% है उन्होंने बताया कि 2 सितंबर तक जो विद्यालय 100 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे तथा विभाग की साइट से प्रमाण पत्र डाउनलोड करके डीपीसी कार्यालय में जमा करवा देंगे ऐसे विद्यालयों को प्रशिक्षण के दौरान सम्मानित किया जाएगा उन्होंने कहा कि खंड स्तर पर हमने ईको क्लब नोडल भी बनाए गए हैं। बेहतरीन कार्य करने वाले इको क्लब खंड नोडल को भी प्रशिक्षण के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### डीएवी सेंटनरी स्कूल में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**जींद।** डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल में हरियाणा राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने शिरकत की। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना उपस्थित रहे।

### नोटबंदी व जीएसटी लगाने से व्यापार प्रभावित

**जींद।** श्री एसएस जैन सभा द्वारा रविवार को व्यापारी सम्मेलन जैन संस्थान में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग रहे। इस सम्मेलन में व्यापारी व धर्म प्रेमियों ने भारी संख्या में भाग लिया। मुख्यअतिथि बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में नोटबंदी व जीएसटी लगाने के बाद व्यापार व उद्योगों पर बुरा असर पड़ा है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोनिया रही प्रथम

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। मेजर ध्यानचंद के इस खेल उत्सव पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा सभी खिलाडियों द्वारा उनको श्रद्धांजलि दी व पुष्प अर्पित किए तथा शपथ ली कि वे खेल में एवं अपने शरीर में फिटनेस पर ध्यान देंगे व भविष्य में समाज में भी फिटनेस के लिए प्रोत्साहन का कार्य करेंगे। इस प्रतियोगिता में

### पुलिस विभाग से पांच कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**जींद।** पुलिस विभाग में रविवार को पांच पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत हो गए। उनको डीएसपी संदीप कुमार फूलमाला, पगड़ी, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्हें जीवन की अग्रिम शुभकामनाएं दी। 31 अगस्त को निरीक्षक विरेंद्र सिंह, निरीक्षक बलराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश, प्रधान सिपाही कुलदीप सिंह और प्रधान सिपाही बलजीत सिंह रहे।

### कुम्हार समाज की समस्याओं पर मंथन

**जींद।** कुम्हार संगठन हरियाणा सभा का जिला स्तरीय सम्मेलन कुम्हार धर्मशाला में खेमचंद की अध्यक्षता में हुआ। इसके मुख्यातिथि चांदीराम और रामदिया रहे। मंच का संचालन रविंद्र बेरीवाल ने किया। प्रधान महेन्द्रपाल बंसीवाल ने कुम्हार समाज के लोगों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि मिट्टी के बर्तन बनाने व पकाने और मिट्टी की जमीन लेने बारे और देश में गुंडागर्दी व नशाखोरी बढ़ी है।

# बिजली निगम सर्कल में पहुंची 550 से ऊपर शिकायते बारिश से उड़े फ्यूज, 33 केवी दनौदा रात से ब्रेक डाउन

ज्यादा बारिश होने से नरवाना शहर का एरिया ज्यादा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिले में दो दिनों से हो रही बारिश से बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। बारिश के चलते कई जगह फ्यूज उडन्ने की घटनाएं हुई वहीं पानी घुसने से केबल भी जल गई। इससे शहर की लगभग आठ कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं 33 केवी सब स्टेशन भी रात को ब्रेक डाउन हो गया। जिस पर रविवार दिनभर काम चला। इससे 15-20 गांव की बत्ती गुल हो गई। इसके अलावा नरवाना क्षेत्र में ज्यादा बारिश होने से शहर का एरिया भी ज्यादा प्रभावित हो गया।

## 15-20 गांव की बत्ती गुल हो गई, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

**खास बातें**


- पानी घुसने से जली केबल, अंधेरे में शहर की आठ कॉलोनी
- कई ट्रांसफार्मरों में फाल्ट आने की घटना होने से आई दिक्कत

**सबसे ज्यादा शहर प्रभावित**

बिजली प्रभावित होने से निगम सर्कल के पास 550 से ज्यादा शिकायतें पहुंच गई। रविवार को आई तेज बारिश ने बिजली निगम का शेड्यूल बिगाड़ दिया। बारिश के कारण कई जगह फ्यूज और केबल जल गई। वहीं कई ट्रांसफार्मरों में फाल्ट आने की घटनाएं हुई। सबसे ज्यादा शहर का एरिया प्रभावित हो गया। शहर में बैंड मार्किट, मेन बाजार, राजा की कोठी एरिया, रामनगर, संतनगर, श्याम नगर, पटियाला चौक एरिया, हकीकत नगर, भटनागर कॉलोनी में बिजली ठप हो गई। बिजली सप्लाई चालू करवाने के लिए शहरवासियों ने निगम सर्कल कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई।

**बोले अभियंता**

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि बारिश के कारण फ्यूज उडने और केबल जल गई थी। इसके कारण कई कॉलोनियों में फाल्ट आ गए जिससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई। कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था। शाम तक बिजली सप्लाई बहाल करवा दी गई थी।



**जींद।** फाल्ट को ठीक करते हुए बिजलीकर्मी।

### 33 केवी दनौदा पावर हाउस में आया फाल्ट

नरवाना क्षेत्र के 33 केवी दनौदा पावर हाउस में शनिवार रात को फाल्ट आ गया। इससे उसके अधीन 15-20 गांव की बिजली गुल हो गई। कई जगह बेहद कम वॉल्टेज सप्लाई थी, जिससे पंखे, कूलर भी नहीं चल पा रहे थे। लोगों ने समाधान के लिए शिकायत दर्ज करवाइए लेकिन सुबह तक भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। वहीं सर्कल कर्मचारियों की तरफ से उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिल पाया।

### शहरवासियों को मच्छरों ने किया परेशान

कॉलोनियों में बिजली नहीं आने के कारण शहरवासियों को मच्छरों ने परेशान किया। रामनगर, संत नगर, श्याम नगर, पटियाला चौक एरिया, हकीकत नगर, पटेल नगर, रोहतक रोडए भटनागर कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बाधित रही। बच्चे और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हुई। शहरवासी बिजली आने की पूरी रात बाट जोतते रहे लेकिन बिजली सप्लाई सुबह तक भी नहीं आई।

### यज्ञ दिवस पर प्रज्जवलित किए जाएंगे 108 कुंड

**उचाना।** यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सानिध्य में मोक्ष दायिनी माँ गंगा धाम ट्रस्ट की ओर से लगातार तीसरे वर्ष 17 सितंबर को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस वर्ष यज्ञ दिवस आयोजन का स्वरूप बहुत व्यापक होगा। आगामी 17 सितंबर को गुरुदेव भगवान के शिष्योंए पर्यावरण प्रेमियों व अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भारत व अन्य देशों सहित दुनियाभर में 50 हजार से ज्यादा कुंड प्रज्जवलित किए जाएंगे। यह जानकारी उचाना अधिकार मंच के मुख्य संयोजक ज्योति प्रकाश कौशिक ने देते हुए बताया कि 17 सितंबर को यज्ञ दिवस के अवसर पर हिसार लोकसभा क्षेत्र में भी 1008 कुंड जिनमें से उचाना हलके में भी 108 कुंड प्रज्जवलित किए जाएंगे।

## कांग्रेस के खिलाफ की नारेबाजी, शहर में रोष प्रदर्शन

# खफा भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

*अभद्र टिप्पणी पर देश से माफी मांगे राहुल गांधी, पीएम की स्व. मां पर अभद्र भाषा पर भड़के भाजपा कार्यकर्ता*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

बिहार के दरभंगा में कांग्रेस तथा आरजेडी चुनावी रैली में मंच पर पीएम की स्व. मां के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के विरोध मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पूतला फूंका। भाजपा कार्याकर्ताओं ने मांग की कि राहुल गांधी देश की जनता से माफी मांगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता रविवार को रानी तालाब पर एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस की चुनावी रैली मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी की स्व. मां को लेकर की गई गलत टिप्पणी से देश के लोग हैरान तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग कर नारी शक्ति का अपमान करने के साथ भारत माता का भी अपमान किया गया है।

**पीएम नरेंद्र मोदी की स्व. मां को लेकर की गई गलत टिप्पणी से पनप रहा आक्रोश**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। देश कांग्रेस को कभी माफ नही करेगा। भाजपा नेता डा. राज सैनी ने कहा कि कांग्रेस ओच्छी राजनीति पर उतर आई है।

जो टिप्पणी की गई है, वह संस्कारों गिरावट को दर्शाता है। ओच्छी मानसिकता के साथ कांग्रेस सरकार बनाने का सपना देख रही है। दूसरी तरफ महिलाओं का अपमान कर रही है। जो टिप्पणी की गई है, उस से देश कांग्रेस को माफ नही करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता वही दर्शा सकताा है, जो संस्कारहीन हो। जिसको देश की गरिमा के बारे में और महिलाओं के सम्मान के बारे में मालूम न हो।



**जींद।** रोष जताते हुए भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*



**उचाना।** प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**कांग्रेस बिहार में हार को देख बौखला गई**

भाजपा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस बिहार में अपनी हार को देख बौखला गई है। जिसके चलते कांग्रेस नेताओं की मानसिकता में काफी हद तक गिरावट आ चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी 140 करोड़ लोगों नेतृत्व कर रहे हैं। देश को बुलंदियों की तरफ ले जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस सत्ता के लालच के लिए सभी मर्यादा लांघ कर ऐसी ओच्छी टिप्पणी कर रही हैं। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पूतला फूंककर रोष जताया।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

- अभय चौटाला और बीरेंद्र सिंह दोनों मिले हुए हैं : देवेंद्र अत्री
- उचाना भाजपा विधायक के घर के बाहर साइन बोर्ड पर लगाया वोट चोर का स्टीकर

*जींद/उचाना। अर्बन एस्टेट स्थित उचाना विधायक देवेंद्र अत्री के आवास के बाहर लगे साइन बोर्ड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वोट चोर का स्टीकर लगाए जाने से गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। भाजपा विधायक ने कहा कि यह ओछी मानसिकता है। शनिवार देर शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में जगह-जगह वोट चोर के स्टीकर लगा दिए। इसमें उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री के अर्बन एस्टेट स्थित निवास के बाहर साइन बोर्ड और फोटो के नीचे भी वोट चोर का स्टीकर लगा दिया। इसकी वीडियो वायरल हो गई तो कार्यकर्ता खफा हो गए। उचाना विधानसभा समेत जिले भर से भाजपा कार्यकर्ता विधायक के आवास पर पहुंचे और यहां कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।*



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. पुष्पा तायल। *फोटो : हरिभूमि*

# कांग्रेस से संस्कारों की अपेक्षा करना बेमानी: डा. पुष्पा तायल

- कहा : पीएम की स्व. मां पर अभद्र टिप्पणी करना नारी शक्ति का अपमान
- भाजपा के लिए संकल्प पत्र गीता की तरह, वादे पूरे करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की स्व. मां को लेकर कांग्रेस द्वारा की गई टिप्पणी ओच्छी मानसिकता को दर्शाता है। जिनकी मां खुद विदेशी हों, उसमें तथा उनकी पार्टी में संस्कारों की अपेक्षा नही की जा सकती है। भाजपा 25 सितंबर से महिलाओं के सम्मान के लिए 2100 रुपये की योजना ली रही है। भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि बिहार के दरभंगा में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दल के तेजस्वी यादव ने मंच सांझा किया था। उसी मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी की स्व. मां को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। जिससे न केवल मातृशक्ति बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावना आहत हुई है। कांग्रेस के मंच से ऐसी भाषा का प्रयोग घटिया मानसिकता को दर्शाता है। यह पीएम की स्व. मां का नही बल्कि भारत माता तथा हर महिला का अपमान है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है।

**भाजपा संकल्प**

उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र को गीता तरह मानता है। युवाओं को पारदर्शिता से नौकरी देने के बाद अब महिलाओं 2100 रुपये प्रति महिना सम्मान देने जा रही है। 23 से 60 साल की पात्र महिला को यह लाभ मिलेगा। योजना को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को लागू किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। विस में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। गंभीर बीमारियों से पीड़ित महिलाओं को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग सम्मान के लिए पूर्व उप प्रधान मंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को जाना जाता है। विकास के लिए पूर्व सीएम स्व. इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी, भाजपा नेता बबलू गोयल, महिला मोर्चा की कार्यकारिणी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा के खिलाड़ी कर रहे नाम रोशन

- नवदीप स्टेडियम में साइक्लोथॉन यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

एसडीएम जगदीश चंद्र ने राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय नवदीप स्टेडियम में आयोजित साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस कार्यक्रम में खिलाडियों, छात्र, छात्राओं और खेल प्रेमियों की बारिश के दौरान भी भारी भीड़ देखने को मिली। एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।



**नरवाना।** नवदीप स्टेडियम से साइक्लोथॉन यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र। *फोटो : हरिभूमि*

**प्रति दिन एक घंटा खेलों को समर्पित करें**

*उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए नई खेल नीति बनाई है और इसके परिणाम भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र व छात्राओं और युवाओं को खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर देना चाहिए। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, नायब तहसीलदार रणवीर सिंह, कोच संदीप, कबड्डी कोच रामपाल, हॉकी कोच रविंद्र श्योकंद, फुटबॉल कोच राकेश, सतीश व रितु कोच, छात्र, छात्राएं, युवा खिलाड़ी सहित अन्य साईक्लिस्ट मौजूद रहे।*

# युवा फैसला लेने से पहले तीन बुजुर्गों की सलाह लें : मिड्ढा

- सीनियर सिटीजन फेडरेशन हरियाणा ने आयोजित किया त्रिमासिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सीनियर सिटीजन फेडरेशन हरियाणा द्वारा त्रिमासिक कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग जीवन में कोई फैसला लेने में दुविधा हो तो आप अपने परिवार अथवा परिचितों में से तीन बुजर्गों की सलाह लेना, आपको निश्चित ही सही दिशा मिल जाएगी। यह कार्यक्रम फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटिजंस फेडरेशन हरियाणा द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 250 से 300 वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सीनियर सिटीजन को संबोधित करते हुए डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को जीवन के इस पड़ाव में समय का बैस्ट यूटिलाइज करना चाहिए। मिड्ढा ने इस दौरान अपने जीवन के निजी संस्मरणों व अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में विभिन्न तरह के उतार चढ़ाव भले ही आये लेकिन आपके अनुभवों को कोई नही हरा सकता। कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि हम भारत मे रह रहे हैं।



**जींद।** कार्यक्रम में मंच पर मौजूद डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, सुभाष श्योराण व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**वरिष्ठ नागरिकों का हौसला बढ़ाया**

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन मे यदि हौसलें बुलंद हों और खुद पर विश्वास हो तो हर मुश्किल का समाधान संभव है। इन दोनों गुणों के साथ जीने वाला व्यक्ति लंबा और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। इस अवसर पर पीएन मोंगिया, आरआर मल्होत्रा, ऐके चावला, सुभाष श्योरान, एसपी भारद्वाज, बृजमोहन पवार, केके पाठक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में दी जानकारी

- कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों,ए बुद्धिजीवियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के सोशल आउटरीच सैल सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन विश्वविद्यालय सोशल आउटरीच सैल के निदेशक डा. विजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को 2 दिन से चल रही इस राष्ट्रीय कार्यशाला के सभी सत्रों की जानकारी देते हुए सभी का अभिनंदन और स्वागत किया। इस कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदो,ए बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय भारत को एकजुट करना कर विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होना था।



**जींद।** राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यशाला को इन्होंने किया संबोधित**

प्रो. सैनी ने 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला का उद्घाटन सत्र डा. अजय द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख क्षेत्र को भारत की मुख्यधारा से जोडने के लिए शैक्षणिक विमर्श, संवाद और सामाजिक सहभागिता अनिवार्य है। मुख्य अतिथि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर संबोधित किया।

**उपलब्धि**

## बारिश के बीच में ही मनाया 74 वां विमुक्ति दिवस

# मनोहर सरकार ने घुमंतू जातियों को दिया जीने का अधिकार : सुनील

2015 में हरियाणा इस एक्ट को समाप्त कर पहला राज्य बना

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

टपरीवास कालोनी में विमुक्त घुमंतू जनजाति कल्याण संघ ने 74वां विमुक्ति दिवस मनाया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर सुनील ने की। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के बावजूद लोगों में भारी जोश देखने को मिला है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप सोम कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता विभाग प्रचार प्रमुख (आरएसएस) मौजूद रहे। उन्होंने घुमंतू समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहले इन जातियों ने मुगलों के धर्मांतरण के खिलाफ लड़ाई लड़ी। सैन्य दृष्टि से हथियार बनाना, जासूसी करना, सैनिकों का नृत्य से मनोरंजन और गायन से उत्साह व पराक्रम वंदन, योद्धा के रूप में फिर अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ गोरिल्ला युद्ध के माध्यम से सीधी टक्कर ली।



**जींद।** टपरीवास कालोनी में 74वां विमुक्ति दिवस मनाते कार्यकर्ता।

**31 अगस्त 1952 में एक्ट से विमुक्ती मिली**

विडंबना ये रही कि भारत की आजादी के पांच साल 16 दिन बाद 31 अगस्त 1952 में इस एक्ट से विमुक्त किया गया। तब से यह दिन विमुक्ति दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। परंतु दुर्भाग्य से उसी दिन क्रिमिनल एक्ट को खत्म करके हैबिट्यूल ऑफेंडर एक्ट लागू किया गया था।